**NEWS CLIPPING:21.10.2022**

# AAJ SAMAJ

# जेसी बोस विवि की सोनिया को अनुसंधान के लिए 32.80 लाख रुपए की फंडिंग

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार तथा प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के भौतिकी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सोनिया बंसल की एक अनुसंधान एवं विकास परियोजना के लिए 32.80 लाख रुपये की फंडिंग को स्वीकृति प्रदान की गई है। परिषद ने ऊर्जा संचयन उपकरणों के लिए सक्रिय कार्बन पर आधारित अनुसंधान और विकास परियोजना को स्वीकृति दी है, जिसमें डॉ. सोनिया बंसल प्रधान अन्वेषक के रूप में तथा भौतिकी विभाग में सहायक प्रोफेसर अमन जोशी सह-प्रधान अन्वेषक के रूप में काम करेंगे। फंडिंग का उद्देश्य युवा वैज्ञानिकों और अन्वेषकों के ऐसे नवीनतम अनुसंधान विचारों को प्रोत्साहित करना है जो राज्य के विकास के लिए प्रत्यक्ष प्रासंगिकता रखते हैं।

यह परियोजना सतत एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उत्पादन पर आधारित है। बायोमास से उत्पन्न कार्बन विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से प्राकृतिक उत्पादों को परिवर्तित करके बनते हैं। यह अनुसंधान बायोमास के अपशिष्ट अवयवों के सुरक्षित पुनर्चक्रण की कठिनाइयों को दूर करेगा तथा निकट भविष्य में ऊर्जा की आवश्यकता को पूरा करेगा। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने डॉ. सोनिया बंसल को उनकी शोध फंडिंग के लिए बधाई दी और कहा कि फंडिंग निश्चित रूप से विश्वविद्यालय में अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देगी और ऊर्जा उत्पादन और पर्यावरण प्रदूषण से संबंधित मुद्दों का तकनीकी समाधान प्रदान करेगी। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने भी डॉ. बंसल को भी बधाई दी है। अनुसंधान परियोजना को दो वर्ष की अवधि के लिए निधियन स्वीकृत किया गया है।





डॉ. सोनिया बंसल व अमन जोशी।

**NEWS CLIPPING:21.10.2022**

# HADOTI ADHIKAR

## डॉ. सोनिया को अनुसंधान के लिए 32.80 लाख की फंडिंग

**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 20 अक्टूबर। हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार तथा प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के भौतिकी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सोनिया बंसल की एक अनुसंधान एवं विकास परियोजना के लिए 32.80 लाख रुपये की फंडिंग को स्वीकृति प्रदान की गई है। परिषद ने ऊर्जा संचयन उपकरणों के लिए सक्रिय कार्बन पर आधारित अनुसंधान और विकास परियोजना को स्वीकृति दी है, जिसमें डॉ. सोनिया बंसल प्रधान अन्वेषक के रूप में तथा भौतिकी विभाग में सहायक प्रोफेसर अमन जोशी सह-प्रधान अन्वेषक के रूप में काम करेंगे। फंडिंग का उद्देश्य युवा वैज्ञानिकों और अन्वेषकों के ऐसे नवीनतम अनुसंधान विचारों को प्रोत्साहित करना है जो राज्य के विकास के लिए प्रत्यक्ष प्रासंगिकता रखते हैं।



**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:21.10.2022**

# AMAR UJALA

## डॉ. सोनिया को शोध के लिए 32 लाख रुपये मिलेंगे

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार तथा प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सोनिया बंसल की एक अनुसंधान एवं विकास परियोजना के लिए 32.80 लाख रुपये फंडिंग को स्वीकृति प्रदान की गई है।



परिषद ने ऊर्जा संचयन उपकरणों के लिए सक्रिय कार्बन पर आधारित अनुसंधान और विकास परियोजना को स्वीकृति दी है, जिसमें डॉ. सोनिया बंसल प्रधान अन्वेषक के रूप में तथा भौतिकी विभाग में सहायक प्रोफेसर अमन जोशी सह-प्रधान अन्वेषक के रूप में काम करेंगे। यह परियोजना सतत एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उत्पादन पर आधारित है। संवाद

**NEWS CLIPPING:21.10.2022**

# HADOTI ADHIKAR

# विद्यार्थियों ने दीपावली को लेकर निकाली जागरुकता रैली

## दुकानदारों व आमजन से किया इकोफ्रेंडली दीपावली मनाने का आह्वान



**हाड़ौती अधिकार**

फरीदाबाद, 20 अक्टूबर। विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के सोशल वर्क के विद्यार्थियों एंव स्टाफ कलब के सदस्यों की और से दीपावली के उपलक्ष्य में जन-चेतना रैली निकाली गयी। रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को मिल-जुल कर दीपावली मनाने एवं स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी करने के लिए प्रेरित करना था। सर्व प्रथम प्रमुख समाज सेवी, मुख्य कवियत्री श्री मति जयमाला तोमर ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

रैली को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा की दीपावली सौहार्द का त्यौहार है इस लिए इस त्यौहार को सभी को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा की वे इस बार विदेशी वस्तुओं को न खरीद कर दीवाली के लिए उपयोगी वस्तुओं को अपने आस-पास के दुकानदारों से ही खरीदें। उन्होंने दीपावली पर कम शोर और कम प्रदूषण वाले पटाखों का ही प्रयोग करने की अपील की ताकि प्रदूषण जैसी समस्या से निपटा जा सके। रैली विश्वविद्यालय के सी.वी रमन ब्लॉक से शुरू होकर कलाम चौक तक गई। इसके पश्चात् सेक्टर 10 के बाजार में भी रैली निकालते हुए विभाग के विद्यार्थियों ने यहाँ मौजूद लोगों को मिलजुल कर दीवाली मनाने एवं हरित पटाखों के प्रयोग के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने यहां स्तिथ दुकनदारों से बातचीत करते हुए उन्हें दीपावली पर स्वदेशी उत्पादों की बिक्री के लिए प्रेरित भी किया इस रैली में विद्यार्थियों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों जैसे ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं हरित दीवाली, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग सम्बन्धी कई नारे भी लगाए गए।

**NEWS CLIPPING:21.10.2022**

# AMAR UJALA

## रैली निकाल स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का दिया संदेश

फरीदाबाद। जेसी बोस विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग की ओर से दीपावली के मौके पर जन-चेतना रैली निकाली गई।

इसके माध्यम से दीपावली पर स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग का संदेश दिया गया। इसे समाज सेवी व जयमाला तोमर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर डॉ. पवन सिंह सहित कई प्रोफेसर मौजूद रहे। संवाद

**NEWS CLIPPING:21.10.2022**

# PIONEER

## जेसी बोस के 36 विद्यार्थियों का चयन

**फरीदाबाद।** दक्षिण कोरियाई बहुराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने अपने अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) केन्द्र, नोएडा के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के 36 इंजीनियरिंग छात्रों का चयन किया है। रोजगार एवं प्रशिक्षण कार्यालय द्वारा चलाये जा रहे प्लेसमेंट अभियान में सैमसंग ने इंजीनियरिंग छात्रों को 14.5 लाख रुपये के आकर्षक वार्षिक पैकेज की पेशकश की है। कुलपति प्रो. एसके तोमर और कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। प्रशिक्षण एवं रोजगार अधिकारी प्रो. संजीव कुमार ने बताया कि हाल के वर्षों दिनों में इंजीनियरों की प्रतिभा ने अमेजॅन और सैमसंग जैसी प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित किया है।

**NEWS CLIPPING:21.10.2022**

# PIONEER

## जेसी बोस की डॉ. सोनिया को अनुसंधान के लिए की फंडिंग

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार तथा प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, के भौतिकी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सोनिया बंसल की एक अनुसंधान एवं विकास परियोजना के लिए 32.80 लाख रुपये की फंडिंग को स्वीकृति प्रदान की गई है।

परिषद ने ऊर्जा संचयन उपकरणों के लिए सक्रिय कार्बन पर आधारित अनुसंधान और विकास परियोजना को स्वीकृति दी है, जिसमें डॉ. सोनिया बंसल प्रधान अन्वेषक के रूप में तथा भौतिकी विभाग में सहायक प्रोफेसर अमन जोशी सह-प्रधान अन्वेषक के रूप में काम करेंगे। फंडिंग का उद्देश्य युवा वैज्ञानिकों और अन्वेषकों के ऐसे नवीनतम अनुसंधान विचारों को प्रोत्साहित करना है जो राज्य के विकास के लिए प्रत्यक्ष प्रासंगिकता रखते हैं। यह परियोजना सतत एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उत्पादन पर आधारित है। बायोमास से उत्पन्न कार्बन विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से प्राकृतिक उत्पादों को परिवर्तित करके बनते हैं। यह अनुसंधान बायोमास के अपशिष्ट अवयवों के सुरक्षित पुनर्चक्रण की कठिनाइयों को दूर करेगा तथा निकट भविष्य में ऊर्जा की आवश्यकता को पूरा करेगा।

**NEWS CLIPPING:21.10.2022**

# HINDUSTAN

## छात्रों ने स्वदेशी के प्रति जागरूक किया

**फरीदाबाद, संवाददाता।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग की ओर से सोशल वर्क के छात्रों ने दीपावली के उपलक्ष्य पर जन-चेतना रैली निकाली। सेक्टर-10 स्थित मार्केट में रैली निकालते हुए छात्रों ने

ईको फ्रेंडली दिवाली मनाने और लोगों ने स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी करने की आपील भी की। इस दौरान समाजसेवी जयमाला तोमर ने रैली को हरी झंडी दिखाई। रैली विश्वविद्यालय के सीवी रमन ब्लॉक से शुरू होकर कलाम चौक-तक गई। इसके बाद सेक्टर- 10 के बाजार में लोगों को जागरूक किया। साथ ही दुकानदारों से बातचीत करते हुए उन्हें स्वदेशी उत्पादों की बिक्री के लिए प्रेरित किया।